>

Title: Need to permit plying of heavy vehicles on Mahatma Gandhi Setu, Patna and Rajendra Road Bridge in Mokama, Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): नार्थ एवं साउथ बिहार को जोड़ने वाले महात्मा गांधी सेतु पर तकनीकी खराबी के कारण 10 चक्के एवं उससे ज्यादा चक्के वाले वाहनों की आवाजाही मई 2014 से बंद कर दी गयी है। महात्मा गांधी सेतु पटना एवं राजेन्द्र सड़क पुल, मोकामा के माध्यम से आम जनता की अधिकतर गतिविधियाँ संपन्न होती है। छोटे वाहनों से माल मंगाना या भेजना दोनों महंगा पड़ता है। आवाजाही पर रोक लगने के कारण दवा, खाद्यान्न, आवश्यक उपभोक्ता वस्तुं तथा अन्य प्रकार के माल का आवागमन बाधित हो रहा है और इससे वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ने लगी है। आवागमन पर रोक लगने से आम जनता, ट्रंसपोर्टर एवं शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्रियों यथा सब्जी, फल आदि के विक्रेता के साथ-साथ राज्य के उद्यमी एवं व्यवसायी भी बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं जिसका प्रतिकूल प्रभाव राज्य की आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों पर पड़ रहा है।

बिहार राज्य में उपरोक्त पुल पर भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगने से विकास गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। सरकार से अनुरोध है कि महात्मा गांधी सेतु पटना एवं राजेन्द्र सड़क पुल मोकामा पर दस एवं उससे अधिक चक्के के वाहनों के आवागमन को प्रारंभ करने की अनुमति दी जाये।